**माननीय उप मुख्य (जल संसाधन) मंत्री, की अध्यक्षता में दिनांक–09.07.2026 को सम्पन्न बाढ़ वर्ष 2026 की तैयारियों से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही**

माननीय उप मुख्य (जल संसाधन) मंत्री, की अध्यक्षता में दिनांक–09.07.2026 को सम्पन्न बाढ़ वर्ष 2026 की तैयारियों की समीक्षा की गयी।

**<u>समीक्षा के क्रम में निम्नांकित निदेश दिये गये :–</u>**

- सर्वप्रथम सभी मुख्य अभियंता, बाढ़ परिक्षेत्राधीन बाढ़ 2026 पूर्व कराये जा रहे कटाव निरोधक कार्यों की समेकित रूप से समीक्षा की गयी। इस्माइलपुर–बिन्दटोली तटबंध पर प्रस्तावित कटाव निरोधक कार्य माह फरवरी में आवंटित होने के उपरांत भी अभी तक पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी एवं मुख्य अभियंता, कटिहार को निदेशित किया गया कि अपने स्तर से कार्य का सघन प्रबोधन करते हुए शीघ्रातिशीघ्र गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाय, अन्यथा इसके लिए जिम्मेवारी तय की जायेगी।
- उपरोक्त के अतिरिक्त वर्तमान में मुख्य अभियंता, समस्तीपुर परिक्षेत्राधीन 12 अदद कार्य, मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर परिक्षेत्राधीन 05 अदद कार्य, मुख्य अभियंता, पटना, वीरपुर, कटिहार एवं गोपालगंज परिक्षेत्राधीन 01 अदद कार्य प्रगति में है। उक्त कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र गुणवत्ता एंव विशिष्टि के साथ पूर्ण करने हेतु संबंधित मुख्य अभिंयताओं को निदेशित किया गया। तदोपरांत बाढ़ वर्ष 2026 की तैयारी की विस्तृत समीक्षा की गयी, जो निम्नवत् है:–
- सभी मुख्य अभियंता, बाढ़ परिक्षेत्र अंतर्गत अति आक्राम्य/आक्राम्य/Centrally Located स्थल पर बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों के भण्डारण के स्थिति की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि मुख्य अभियंता, कटिहार एवं पटना परिक्षेत्राधीन लक्ष्य के विरुद्ध वास्तविक भण्डारण काफी कम है। उक्त पर नाराजगी व्यक्त की गयी एवं अगले 7 दिनों के अन्दर पर्याप्त मात्रा में बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों का भण्डारण हर–हाल में सुनिश्चित कराने हेतु मुख्य अभियंता, कटिहार एवं पटना को निदेशित किया गया।

**(अनुपालनः–मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, कटिहार/पटना)**

- मुख्य अभियंता, कटिहार परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, नौगछिया अन्तर्गत बाढ की तैयारी की समीक्षा क्षेत्र में जाकर करने हेतु अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण को निदेशित किया गया।

**(अनुपालनः– अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण)**

- सभी मुख्य अभियंता, बाढ़ प्रक्षेत्र को परिक्षेत्राधीन अति आक्राम्य/आक्राम्य/Centrally Located स्थल पर पर्याप्त मात्रा में बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों के भण्डारण एवं प्रकाशीय व्यवस्था, झोपड़ी/कैम्प का निर्माण, तटबंधों पर हुए जंगल–झाड़ की सफाई आदि कार्य एक सप्ताह के अन्दर हर–हाल में पूर्ण कर लेने हेतु निदेशित किया गया।

**(अनुपालनः–सभी मुख्य अभियंता, बाढ़ प्रक्षेत्र)**

- मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार कार्य क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले तटबंधों/संरचनाओं का नियमित सूक्ष्म निरीक्षण एवं निरीक्षण के क्रम में दृष्टिगोचर कमजोर बिन्दुओं/रैट होल/फॉक्स होल आदि की मरम्मति करा लिया गया होगा। यदि अभी तक मरम्मति का कार्य पूर्ण नही हुआ हो तो इसकी मरम्मति अविलम्ब सुनिश्चित करने हेतु सभी मुख्य अभियंता बाढ़ प्रक्षेत्र को निदेशित किया गया।

**(अनुपालनः—सभी मुख्य अभियंता, बाढ़ प्रक्षेत्र)**

- तटबंध के प्रत्येक कि0मी0 पर एक—एक तटबंध श्रमिक रखा जाना है। इस संदर्भ में मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर द्वारा बताया गया कि उनके परिक्षेत्र अंतर्गत तटबंध श्रमिकों की तैनाती की गयी है एवं श्रमिकों को स्पष्ट निदेश दिया गया है कि वे लगातार भ्रमणशील रहे एवं तटबंध पर किसी भी प्रकार की गतिविधि की सूचना उनके स्तर से सर्वप्रथम अभियंताओं को प्राप्त हो। मुख्य अभियंता, मुजफ्फरपुर द्वारा प्रतिवेदित तथ्य की सराहना की गयी एवं इस प्रकार की कार्यशैली को अपनाने हेतु सभी मुख्य अभियंता को निदेशित किया गया। साथ ही सूचना के इस प्रकार प्रवाह को सुनिश्चित कराने हेतु सभी कार्यपालक अभियंता, बाढ़ प्रक्षेत्र को निदेशित किया गया।

**(अनुपालनः—सभी मुख्य अभियंता, बाढ़ प्रक्षेत्र)**

- मॉनसून की अनिश्चित्ता के मद्देनजर बाढ़ वर्ष 2024 के अनुभव के आधार पर सभी ऐहतियातन कार्रवाई एवं मानक संचालन प्रक्रिया (बाढ़ प्रबंधन हेतु) में बाढ़ की तैयारी से संबंधित निहित प्रावधानों का दृढ़तापूर्वक ससमय अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया।

**(अनुपालनः—सभी मुख्य अभियंता, बाढ़ प्रक्षेत्र)**

- अति आक्राम्य/आक्राम्य स्थलों एवं इसके पहुँच पथ पर अतिक्रमण की स्थिति में जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर स्थलों को शीघ्रातिशीघ्र अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु निदेशित किया गया।

**(अनुपालनः—सभी मुख्य अभियंता, बाढ़ प्रक्षेत्र)**

- दक्षिण बिहार में प्रवाहित होने वाली फल्गु एवं इसके अन्य सहायक नदियों पर निर्मित लघु बांधों के सुरक्षार्थ बाढ़ संघर्षात्मक कार्य हेतु नावों की आवश्यकता परिलक्षित होने की स्थिति में नावों की उपलब्धता के संबंध में सभी आवश्यक कार्रवाई शीघ्र कर लेने हेतु मुख्य अभियंता, पटना को निदेशित किया गया।

**(अनुपालनः—मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना)**

- परिक्षैत्राधीन स्थलों पर भण्डारित किये गये बाढ़ संघर्षात्मक सामग्रियों का सत्यापन जिला प्रशासन से कराने हेतु सभी मुख्य अभियंता, बाढ़ प्रक्षेत्र को निदेशित किया गया।

**(अनुपालनः—सभी मुख्य अभियंता, बाढ़ प्रक्षेत्र)**

- विभिन्न मुख्य अभियंता बाढ़ प्रक्षेत्र अंतर्गत बाढ़ हेतु की गयी तैयारी, सामग्रियों के भण्डारण, तटबंध श्रमिक, जंगल सफाई आदि की स्थिति आदि से मुख्यालय को अवगत कराने हेतु परिक्षेत्रावार टीम गठित करने का निदेश दिया गया।

**(अनुपालनः– अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण)**

**अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

ह0/–
(चन्द्रशेखर सिंह)
सचिव
जल संसाधन विभाग, पटना

ज्ञापांक–बाढ़(मो0)सिं0वि0–05/2021–अंश–। 2876 पटना, दिनांक–15-07-2026

प्रतिलिपिः–माननीय उप मुख्य (जल संसाधन) मंत्री के आप्त सचिव/सचिव, जल संसाधन विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

ज्ञापांक–बाढ़(मो0)सिं0वि0–05/2021–अंश–। 2876 पटना, दिनांक–15-07-2026

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण/मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, जल संसाधन विभाग/अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

ज्ञापांक–बाढ़(मो0)सिं0वि0–05/2021–अंश–। 2876 पटना, दिनांक–15-07-2026

प्रतिलिपिः–मुख्य अभियंता, समस्तीपुर/पटना/वीरपुर/कटिहार/मुजफ्फरपुर/गोपालगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि कार्यवाही की प्रति अपने अधीनस्थों को उपलब्ध कराते हुए दिये गये निदेशों का अनुपालन निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

ज्ञापांक–बाढ़(मो0)सिं0वि0–05/2021–अंश–I 2876 पटना, दिनांक– 15-07-2026

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग प्रमंडल–15/16/17/18 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/7/26

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

ज्ञापांक–बाढ़(मो0)सिं0वि0–05/2021–अंश–I 2876 पटना, दिनांक– 15-07-2026

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियंता, आई.टी., जल संसाधन विभाग को बैठक की कार्यवाही विभागीय बेवसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

15/7/26

(ब्रजेश मोहन)

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

कार्य० अभि०

अभि० वी०